# अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल

मुगालिया कोट (सूखी सेवनिया), विदिशा रोड, भोपाल–462038 (म.प्र.)

ई-मेल-abvhvbpl@gmail.comवेबसाईट-www.abvhv.edu.in


क्रमांक 5978 अबिवाहिंविवि / गोपनीय एफ–6 / 2025 भोपाल, दिनांक : 13/12/25

## षष्ठ दीक्षांत समारोह 25 दिसम्बर 2025, गुरूवार

## उपाधि/पदक प्राप्तकर्ताओं के लिए दिशा–निर्देश

1. विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एफ–1(70)/2025/स्थापना/2825 दिनांक 10.11.25 के अनुक्रम में सूचित किया जाता है कि माननीय कुलाधिपति जी एवं मध्यप्रदेश के माननीय राज्यपाल महोदय की स्वीकृति के उपरांत अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल का षष्ठ दीक्षांत समारोह कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन सेंटर, राजाभोज सभागार, राजभवन के सामने, भोपाल में दिनांक 25 दिसम्बर 2025, गुरूवार पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित किया जाएगा।
2. दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में वर्ष 2024–25 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधि/पदक प्रदान किये जाएगें।
3. एम.पी. ऑनलाइन/ऑफलाइन के माध्यम से दीक्षांत समारोह में उपाधि/पदक प्राप्त करने हेतु जिन विद्यार्थियों ने आवेदन किया है उन्हीं विद्यार्थियों को समारोह में उपस्थित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
4. उपाधि प्राप्त करने हेतु आने वाले विद्यार्थी तथा पदक प्राप्तकर्ता किसी भी ऐसे विद्यार्थी को दीक्षांत सभागार में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिसने विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित निर्धारित वेशभूषा धारण नहीं की होगी –
   - अ. महिला विद्यार्थी – क्रीम रंग की साड़ी लाल बार्डर के साथ लाल ब्लाउज पहन कर आयेंगी।
   - ब. पुरूष विद्यार्थी – सफेद कुर्ता के साथ सफेद चूडीदार पायजामा/सफेद पायजामा अथवा सफेद कुर्ता के साथ सफेद धोती पहन कर आयेंगे।
5. विश्वविद्यालय द्वारा केवल साफा एवं अंगवस्त्र उपलब्ध कराया जावेगा।
6. उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित साफा एवं अंगवस्त्र, विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 24 दिसम्बर, 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेशन सेंटर, राजाभोज सभागार, राजभवन के सामने, भोपाल से पंजीयन शुल्क रसीद दिखाकर अनिवार्य रूप से प्राप्त करें।
7. दिनांक 24 दिसम्बर 2025 को साफा एवं अंगवस्त्र प्राप्त करने तथा दीक्षांत समारोह के पूर्वाभ्यास का समय 02.00 से 04.00 बजे तक रहेगा।
8. दीक्षांत समारोह हेतु पूर्वाभ्यास एवं उपाधि/पदक प्राप्त करने के लिए समारोह स्थल आने हेतु विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय इत्यादि नहीं दिया जावेगा।
9. विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वेशभूषा धारणकर 25.12.2025, (गुरूवार) को प्रातः 09:00 बजे समारोह सभागार में अपने–अपने स्थान ग्रहण करें उनके लिए उपाधियों के अनुसार मंच के सम्मुख संकायवार/विषयवार स्थान सुरक्षित किए गए हैं।
10. सभी विद्यार्थी अपना आधारकार्ड अवश्य लेकर आएगें।
11. पदक विजेता अभ्यार्थियों के साथ परिवार के केवल दो व्यस्क सदस्य समारोह मे उपस्थित हो सकते हैं।
12. उपाधि प्राप्तकर्ता अभ्यार्थियों के साथ परिवार के केवल एक व्यस्क सदस्य समारोह मे उपस्थित हो सकते हैं।

आदेशानुसार

(शैलेन्द्र कुमार जैन)
कुलसचिव
अबिवाहिंविवि, भोपाल

Scanned with OKEN Scanner